भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग)

निदेशक के पद के लिए विज्ञापन,

शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)

निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक के पद के लिए वेतनमान 2 ,10,000 (नियत) + रु. 5,000 विशेष भत्ते के रूप में पात्र व्यक्तियों से आवेदन / नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। निदेशक, एनसीईआरटी परिषद के मुख्य कार्यकारी और अकादमिक अधिकारी हैं और एनसीईआरटी की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष के निर्देशन और मार्गदर्शन में परिषद और परिषद के संस्थानों के मामलों के समुचित प्रशासन के लिए जिम्मेदार हैं। नियुक्ति पांच वर्ष तक की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति या अल्पकालिक अनुबंध पर स्थानांतरण द्वारा या अभ्यर्थी की 65 वर्ष की आयु, या उसके मूल संगठन में उसकी अधिवर्षिता की आयु तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक की जाएगी। [*यदि कोई व्यक्ति, जिसके मूल संगठन में सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष से कम है, निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वह अपने मूल संगठन में निर्धारित आयु के अनुसार सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होगा।*] खोज-सह-चयन समिति की सिफारिश पर केंद्र सरकार द्वारा चयन किया जाएगा।

पात्रता:

अनिवार्य:

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य-क्षेत्र या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या स्वायत्त संगठन या सांविधिक संगठन के अधिकारी **-**

(अ) *(i)* मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद पर कार्यरत ;

या

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स [रू. 1,44,200 - 2,18,200] के लेवल-14 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में प्रद्त्त दस वर्ष की नियमित सेवा के साथ; तथा

(ख) जिनको निम्न अनुभव और अर्हताएं प्राप्त हों:-

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में दस वर्ष का अनुभव या किसी मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थान में दस वर्ष का अनुभव।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एचडी.);

(iii) शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अकादमिक प्रत्यय-पत्र और अनुभव;

(iv) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान के संचालन के संबंध में व्यापक रूचि के साथ प्रशासनिक, संगठनात्मक और नेतृत्व क्षमताएं;

वांछनीय :

(i) शिक्षा में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी;

या

(ii) भारत या विदेश में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री;

(iii) राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त (प्राथमिकतयाः शिक्षा की पत्रिकाएं) पत्रिकाओं में अनुसंधान और प्रकाशनों का प्रमाणित पिछला रिकॉर्ड ।

2. **पद के लिए आवेदन करने की अधिकतम आयु सीमाः**

(i) आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि पर आवेदक की आयु 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए यदि उसके मूल संगठन में उसकी अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष है।

(ii) आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि पर आवेदक की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए यदि उसके मूल संगठन में उसकी अधिवर्षिता की आयु 65 वर्ष है।

3. ए4 आकार के कागज पर मुद्रित, संलग्न प्रोफार्मा पर विधिवत तैयार आवेदन / नामांकन श्री टी एस. रौतेला, उप सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार कमरा नं 503-डी, शास्त्री भवन , नई दिल्ली- 110001, को **उचित माध्यम** से, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर पहुचना चाहिए। आवेदन / नामांकन को अग्रेषित करते समय, यह संबंधित व्यक्ति के मूल संगठन में निर्धारित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए कि आवेदक द्वारा प्रोफार्मा में प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं और कोई भी अनुशासनात्मक मामला आवेदक के खिलाफ लंबित या विचाराधीन नहीं है। **जो आवेदन उचित माध्यम से नही भेजे गए या निर्धारित प्रोफार्मा में नहीं भरे गए या प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए या किसी भी प्रकार की कमी पाई गई, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

अनुलग्नक

<u>प्रोफार्मा</u>

निदेशक, एनसीईआरटी, नई दिल्ली के पद के लिए आवेदन

नवीन फोटोग्राफ

1. नाम (बड़े अक्षर में):
2. पिता / पति का नाम:
3. जन्म तिथि:
4. मूल कार्यालय में अधिवर्षिता की आयु:
5. मूल कार्यालय में सेवानिवृत्ति की तिथि:
6. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि पर आयु:
7. लिंग:
8. राष्ट्रीयता:
9. स्थायी पता (बड़े अक्षर में):

10. वर्तमान पता (बड़े अक्षर में):

11. (i) टेलीफोन नं.:

    (ii) मोबाइल नं.:

    (iii) ई-मेल आईडी:

12. टेलीफोन नंबर सहित उस संगठन का नाम और पता जहां वर्तमान में कार्यरत है:

13. शैक्षिक अर्हताए (स्नातक की डिग्री से):

परीक्षा उत्तीर्ण	विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण होने का वर्ष	विषय / क्षेत्र	अंक / ग्रेड का प्रतिशत

14. धारित पदों का विवरण (वर्तमान पद सहित)

कार्यालय/ संस्थान का नाम	धारित पद	से	तक	वेतनमान	नियमित या अस्थाई	कर्तव्यों का प्रकार

15. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय में दस वर्ष का अनुभव या किसी मान्यताप्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थान में दस वर्ष का अनुभव का विवरण :

16. शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनुभव :

17. प्रशासनिक, संगठनात्मक और प्रशिक्षण अनुभव का विवरण:

18. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर किए गए शोध का विवरण:

19. प्रकाशनों का विवरण:

20. ऊपर कवर नहीं की गई कोई अन्य जानकारी जो अभ्यर्थी उपलब्ध कराने का इच्छुक है:

मैं, एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं यह भी घोषित और पूरी तरह से समझता हूं कि किसी भी चरण में कोई भी जानकारी झूठी या गलत पाए जाने की स्थिति में, मेरा आवेदन / अभ्यर्थिता किसी भी स्तर पर सरसरी तौर पर खारिज किया जा सकता है और यदि मैं पहले से नियुक्त हूं, तो मेरी सेवा बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती है।

स्थान:

तारीख:

(अभ्यर्थी का हस्ताक्षर)

अग्रेषित, ऊपर दी गई जानकारी को प्रासंगिक रिकॉर्ड से जांचा गया है और सही पाया गया है। **यह भी प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरूद्ध कोई भी अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।**

(अग्रेषण / नामांकन प्राधिकारी के पदनाम सहित हस्ताक्षर)